# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY SAMPLE QUESTIONS 2022-23

**Part-*II*** *Time : $2^1/_2$ Hours*

**HINDI** *Cool- off time : 15 Minutes*

*Maximum : 80 score*

**सामान्य निर्देश :**

- **प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।**
- **उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।**
- **स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।**
- **सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

**I ) सूचना: 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x5=5)**

1. ' आदमी का चेहरा ' किसकी कविता है?
   (जयशंकर प्रसाद, पवन करण, कुंवर नारायण)

2. लेखक के लिए कौन सा शहर भारतीय शहर जैसा लगा?
   (पारामारिबो, लंडन, त्रिनिदाद)

3. जमीन एक स्लेट का नाम है किस विधा की रचना है?
   (कविता, आत्मकथा, निबंध)

4. इष्टदेव का इष्ट- नैवेद्य क्या है ?
   (कमल, जूही, कुमुद)

5. मजदूरिन ने पूजा का कमरा कहां रखने का निश्चय किया?
   (रसोई में, बैठक में, ऊपर की मंज़िल में)

**II ) सूचना: निम्नलिखित कवितांश पढ़े और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

" नीलांबर परिधान हरित तट पर सुन्दर है।
सूर्य-चंद्र युग मुकुट,मेखला रत्नाकर है।।
नदिया प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं।
बंदीजन खग - वृंद शेषफन सिंहासन है।।
करते अभिषेक पयोद हैं,बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की।।"

6.मातृभूमि का सिंहासन क्या है? (1)

7. मातृभूमि के मुकुट क्या-क्या हैं? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। (6)

**III ) सूचना: 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। (2x2=4)**

9. मुरकी किसके साथ भाग गई? क्यों?

10.कवि ने पहले कुली को कैसे पहचाना था?

11.स्कूटर वाले का नाम 'मशकवाला स्कूटर' क्यों पड़ा?

12.कवि ने फूल के बदले लड़की को क्या दिया?

13. पिताजी ने लेखक से अपने साथ खेत चलने को क्यों कहा?

**IV) सूचना: 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। (4x3=12)**

14. "जान पे भी खेलेंगे,
तेरे लिए ले लेंगे,
सबसे दुश्मनी।।'

' दोस्ती' गीत की इन पंक्तियों पर अपना विचार प्रकट करें?

**15. जीवनवृत्त पढ़े और हिमांशु जोशी के बारे में अनुच्छेद तैयार करें।**

| जीवनवृत्त | |
|---|---|
| नाम | : हिमांशु जोशी |
| जन्म | : 1935 |
| जन्म स्थान | : उत्तराखंड |
| कार्यक्षेत्र | : पत्रकारिता और आकाशवाणी |
| प्रमुख रचनाएं | : यात्राएं, सूरज चमके आधीरात,आदि। |

16.**' हाइकू' पढ़ें और आशय लिखें:-**

"मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढापा।"

17. स्कूटर वाले के चरित्र पर टिप्पणी लिखें?

**सूचना: 18 और 19 प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गद्यांश पढ़कर लिखें**:

आज हम इस उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं,वह महज़ एक कदम है, नए अवसरों के खुलने का। इससे भी बड़ी विजय और उपलब्धियां हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं। क्या हममें इतनी शक्ति और बुद्धिमता है कि हम इस अवसर को समझें और भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करें? भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिससे हम आज भी दोहराएंगे ,उसे पूरा कर सकें । भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना ।

18. भारत की सेवा का अर्थ क्या है? (2)

19. गद्यांश का संक्षेपण तैयार करें और शीर्षक लिखें। (6)

**V ) सूचना: 20 से 23 तक के किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।  (6x3=18)**

20.सातवां विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने के बाद लेखक अपने मित्र को पत्र लिखता है।वह पत्र तैयार करें।

**21. पद पढ़ें और आशय लिखें:-**

सुतमुख देखि जसोदा फूली।
हर्षित देखि दूध की दंतियां प्रेम मग्न तनु की सुधि भूली।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुन्दर सुखदाई।
तनक तनक सी दूध की दंतियां देखौ नैन सफल करो आई।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोऊ नैन अघाई।
सुर स्याम किलकित द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई।।

22.मान लें नोरा विषाणु (nora virus) रोकने के लिए अपने गांव के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जी एच एस एस कनयमंगलम में टीकाकरण (vaccination) होने वाला है। इस के लिए उचित पोस्टर तैयार करें।

23. निम्न लिखित अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

Student life is very important. It is the foundation of future. It is a preparation for the whole life. Future success depends on how it is spent. Students are the leaders of tomorrow. A student learns many new things. He enjoys games. He takes part in debates. It is a very interesting period.

**(Foundation - नींव , Future - भविष्य , Preparation - तैयारी, Whole life - पूरा जीवन ,**

**Success- कामयाबी, Depend - निर्भर, Spent-बिताना, Debate - वाद विवाद)**

**24.सही मिलान करें।** **(8x1=8)**

| | |
|---|---|
| Average | उपग्रह |
| Certificate | विकिरण |
| Ratio | रक्तचाप |
| Trade union | औसत |
| Radiation | प्रमाण पत्र |
| Ecology | श्रमिक संघ |
| Blood pressure | पारिस्थितिकी |
| Satelite | अनुपात |

**VI ) सूचना:25 से 27तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** **(8x2=16)**

25. बहादुर शाह ज़फ़र को कैद में रहते समय बेटी का पत्र मिला। दुखी बहादुर शाह ज़फ़र के उस दिन की डायरी तैयार करें।

* परिवारवालों की चिंता
* दिल्लीवालों की बुरी हालत
* अपनी बेबसी

26. अनंगजी बीमार पड़ गए उस समय पत्नी और डॉक्टर के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।

27.सरकार की ओर से नए इलेक्ट्रिक स्कूटर (electric scooter) का निर्माण हो रहा है। इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

* कम दाम
* आकर्षक डिज़ाइन
* ज़्यादा माइलेज
* बहुरंगी

## Prepared By:-

1. SHINI MOL EL
   195446
   ST PHILOMINAS HSS KOONAMMAVU (07047)

2. SHIJA SS
   194870
   SNHSS NORTH PARAVUR (07082)

3. SREEDEVI M.M
   410531
   PALIYAM GHSS CHENDAMANGALAM (07002)

4. DASEENA VD
   411841
   GGHSS NORTH PARAVUR (7019)

5. JIBI ABRAHAM
   195857
   VCSHSS PUTHENVELIKKARA (07041)

6. JITHAMOL P
   195872
   VCSHSS PUTHENVELIKKARA (07041)

7. BINDU PS
   891104
   ST GEORGE'S HSS PUTHENPALLY (07202)

8. TITCY CHAKIATH
   884818
   FMCTHSS KARUMALLOOR (7190)

9. ROSHNI . M.S
   507283
   GHSS PUTHIYAKAVU (7165)